CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

वर्ष- 28 अंक- 146 रायपुर, शुक्रवार 20 जून 2025 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

# 12 नक्सलियों ने किया सरेंडर, 26 लाख के इनामी भी शामिल

## कांकेर में 2 नक्सलियों के मारे जाने की खबर, मुठभेड़ जारी



**जगदलपुर,** 20 जून (हाईवे चैनल)। तेलंगाना के कोठागुडेम में 26 लाख के इनामी समेत 12 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है. इनमें चार महिला नक्सली शामिल हैं. आत्मसमर्पित नक्सलियों में 2 डीवीसीएम, 4 एसीएम, 2 पार्टी सदस्य, 2 मिलिशिय सदस्य, 2 आरपीसीसदस्य शामिल हैं. सभी नक्सलियों ने तेलंगाना के कोठागुडेम पुलिस मुख्यालय में एसपी रोहित राज के समक्ष सरेंडर किया है. बता दें कि अब तक तेलंगाना में 294 नक्सली आत्मसमर्पण कर चुके हैं.

इधर बस्तर को नक्सलवाद से मुक्त करने लगातार सुरक्षा बलों के जवान ऑपरेशन चला रहे. आज फिर कांकेर जिले के छोटेबेठिया इलाके में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ चल रही है, जिसमें दो नक्सलियों के मारे जाने की खबर सामने आई है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इंदिरा कल्याण एलिसेला ने बताया, छोटेबेठिया इलाके में मुठभेड़ चल रही है. पार्टी से संपर्क होने और जवानों के लौटने के बाद कन्फर्म जानकारी मिल पाएगी. हाल ही में सुकमा से लगे आंध्रप्रदेश के मारडेपल्ली के जंगल में नक्सलियों और ग्रेहाउंड्स फोर्स के बीच मुठभेड़ हुई थी, जहां जवानों ने बड़े नक्सली लीडरों को ढेर किया था. नक्सली कमांडर गाजरला उर्फ़ उदय और गरियाबंद में मारे गए खूंखार नक्सली चलपति की पत्नी वीआरएल चैतन्य उर्फ अरुणा को जवानों ने मार गिराया था।

# एयर इंडिया ने रद्द की 8 उड़ानें



**नई दिल्ली,** 20 जून (न्यूज चैनल)। एयर इंडिया ने शुक्रवार को रखरखाव और परिचालन कारणों से कई अंतरराष्ट्रीय और घरेलू उड़ानों को रद्द करने की घोषणा की। प्रभावित उड़ानों में दुबई से चेन्नई जाने वाली AI906, दिल्ली से मेलबर्न जाने वाली AI308, मेलबर्न से दिल्ली जाने वाली AI309, दुबई से हैदराबाद जाने वाली AI2204 और पुणे से दिल्ली जाने वाली घरेलू उड़ानें AI874, अहमदाबाद से दिल्ली जाने वाली AI456, हैदराबाद से मुंबई जाने वाली AI-2872 और चेन्नई से मुंबई जाने वाली AI571 शामिल हैं। टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयरलाइन में यह बदलाव पिछले सप्ताह अहमदाबाद में AI171 की घातक दुर्घटना के बाद हुआ है, जिसमें लगभग 297 लोगों की जान चली गई थी, जिसमें 241 लोग विमान में सवार थे। दुर्घटना में विमान में सवार एकमात्र व्यक्ति चमत्कारिक रूप से बच गया था।

एयर इंडिया ने कहा कि यह कटौती मध्य पूर्व में हवाई क्षेत्र बंद होने के कारण उड़ान से पहले की गई सुरक्षा जांच और अतिरिक्त उड़ान अवधि के कारण हुई है। सीईओ और प्रबंध निदेशक कैंपबेल विल्सन ने कहा कि एयरलाइन अपने बोइंग 787 और 777 बेड़े पर विश्वास-निर्माण उपाय के रूप में ये सुरक्षा जांच जारी रखेगी।

### मदुरै जा रहे इंडिगो की उड़ान में बीच हवा में तकनीकी खराबी के कारण चेन्नई लौटा

मदुरै जाने वाली एक निजी एयरलाइन के विमान में शुक्रवार को बीच हवा में तकनीकी खराबी आ गई। इस वजह से उसे वापस चेन्नई लौटना पड़ा। हवाई अड्डे के अधिकारियों ने बताया कि करीब आधे घंटे की उड़ान के बाद इंडिगो एयरलाइंस के विमान के पायलट ने खराबी का पता लगाया और चेन्नई वापस आने और उतरने की अनुमति मांगी। इसके बाद करीब 68 यात्रियों को लेकर जा रहा विमान बाद में सुरक्षित रूप से यहां उतरा। सभी यात्रियों को विमान से उतार लिया गया।

## ब्रेकिंग न्यूज

### पश्चिम बंगाल में एसयूवी और ट्रक की टक्कर में 9 लोगों की मौत

**नई दिल्ली,** 20 जून (न्यूज चैनल)। पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिले में शुक्रवार को एक भीषण सड़क हादसे में नौ लोगों की मौत हो गई। यह हादसा बलरामपुर थाना क्षेत्र के नामशोल के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 18 पर हुआ, जब पीड़ित एक शादी समारोह से लौट रहे थे। नामशोल में बोलेरो की तेज रफ्तार ट्रक से आमने-सामने टक्कर हो गई। पीड़ित पुरुलिया के बड़ाबाजार थाना क्षेत्र के अदबाना गांव से झारखंड के नीमडीह थाना क्षेत्र के तिलाईटांड जा रहे बोलेरो वाहन में सवार थे। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना जिले के बलरामपुर पुलिस थाने की सीमा के भीतर नामशोल गांव में राष्ट्रीय राजमार्ग-18 पर सुबह करीब साढ़े छह बजे हुई। बलरामपुर पुलिस थाने के प्रभारी सौम्यदीप मलिक ने बताया, ''राजमार्ग पर एक एसयूवी और ट्रक के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई, जिसमें चार पहिया वाहन में सवार सभी नौ लोगों की मौत हो गयी।'' पुलिस मामले की जांच कर रही है। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वाहन पहचान से परे क्षतिग्रस्त हो गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि एसयूवी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। स्थानीय निवासी और आपातकालीन प्रतिक्रिया दल तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और यात्रियों को बचाने की कोशिश की।पुलिस ने जांच शुरू की, तेज गति से वाहन चलाने का संदेह पुरुलिया के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एसपी) ने घटना की पुष्टि की और कहा कि दुर्घटना के सटीक कारण का पता लगाने के लिए विस्तृत जांच चल रही है। प्रारंभिक निष्कर्ष इस त्रासदी के पीछे तेज गति से वाहन चलाने और चालक की लापरवाही को संभावित कारण बताते हैं।

### औंधे मुंह गिरे सोने के भाव

**नई दिल्ली,** 20 जून (न्यूज चैनल)। सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन सोने-चांदी की कीमतों में बड़ी गिरावट देखने को मिल रही है। आज लगातार तीसरा दिन है जब सोने की कीमतें टूटी हैं। हालही में सोने ने एक लाख के आंकड़े को पार किया था। अगर आप गोल्ड ज्वेलरी खरीदने का प्लान बना रहे हैं तो ये आपके लिए सही समय साबित हो सकता है। शुक्रवार, 20 जून 2025 को स्द्बङ्क पर सोने का भाव 0.47 फीसदी गिरकर 98,863 रुपए प्रति 10 ग्राम जबकि चांदी 1.43 फीसदी लुढ़की है, ये 1,05,857 रुपए प्रति किग्रा पर है। बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 150 रुपए टूटकर 1,00,560 रुपए प्रति 10 ग्राम रह गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी है। पिछले कारोबारी सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,00,710 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। बृहस्पतिवार को 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 150 रुपए की गिरावट के साथ 99,800 रुपए प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गया।




चूहा- सुनती हो, अब तो विमान में बैठने में दिल धक-धक करता है।
चुहिया- हां जी, लेकिन अब तो उड़ाने ज्यादातर केंसिल हो जाती हैं..!

# हैदराबाद में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के बाहर इजरायल विरोधी प्रदर्शन, कई हिरासत में



**नई दिल्ली,** 20 जून (न्यूज चैनल)। हैदराबाद के गाचीबोवली इलाके में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के बाहर वामपंथी संगठनों द्वारा किए गए विरोध प्रदर्शन के दौरान कई लोगों को हिरासत में लिया गया। आयोजकों के अनुसार, यह प्रदर्शन ईरान पर इजरायल के हालिया हवाई हमलों की निंदा करने और फिलिस्तीन के लिए न्याय की मांग करने के लिए आयोजित किया गया था।

प्रदर्शनकारियों ने इजरायल की आक्रामकता की निंदा करते हुए नारे लगाए और हिंसा को समाप्त करने के लिए तत्काल अंतर्राष्ट्रीय हस्तक्षेप का आह्वान किया। प्रदर्शनकारियों को गाचीबोवली क्षेत्र में वाणिज्य दूतावास के बाहर नरसंहार रोकें लिखी तख्तियां पकड़े हुए देखा जा सकता था। जैसे-जैसे विरोध प्रदर्शन बढ़ता गया, गचीबोवली पुलिस ने हस्तक्षेप किया और किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए कई लोगों को एहतियातन हिरासत में ले लिया। अधिकारियों ने इलाके में सुरक्षा भी बढ़ा दी है और अधिकारियों ने कहा कि स्थिति अब नियंत्रण में है और शांति सुनिश्चित करने के लिए इलाके पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। इस बीच, तेलंगाना सीपीआई(एम) ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स के माध्यम से कहा कि पुलिस ने पार्टी के राज्य सचिव जॉन वेस्ले और अन्य नेताओं को हिरासत में लिया जो अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के सामने विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। राज्य सीपीआई(एम) ने लिखा कि हैदराबाद में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के सामने विरोध प्रदर्शन का आह्वान वामपंथी दलों ने किया था जिन्होंने इजरायल की निंदा की और मांग की कि भारत सरकार उसके साथ सभी सैन्य और सुरक्षा सहयोग निलंबित करे।

# विद्युत विनियामक आयोग में लालटेन और चिमनी लेकर पहुंचे कांग्रेसी



**बिजली के मूल्य में वृद्धि को लेकर की जा रही जनसुनवाई में किया विरोध प्रदर्शन**

**रायपुर,** 20 जून (हाईवे चैनल)। शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे एवं पूर्व विधायक विकास उपाध्याय के नेतृत्व में सैकड़ो कांग्रेसी विद्युत विनियामक आयोग में बिजली की दरों में वृद्धि को लेकर की जा रही जनसुनवाई में लालटेन और चिमनी लेकर पहुंचे द्य उपाध्याय ने बताया कि छत्तीसगढ़ सर प्लस बिजली उत्पादन वाला प्रदेश रहा है लेकिन जब से भारतीय जनता पार्टी की सरकार छत्तीसगढ़ में बनी है तब से लेकर आज तक बिजली विभाग का हाल बेहाल है और लगातार बिजली की दरों में वृद्धि की जा रही है वहीं पूर्व की कांग्रेस सरकार द्वारा बिजली बिल हाफ योजना का लाभ इस प्रदेश के उपभोक्ताओं को मिल रहा था उसे भी बंद कर दिया गया है जबकि सुविधा के नाम पर बिजली विभाग द्वारा किसी भी प्रकार की व्यवस्था नहीं है और लगातार बिजली कटौती ,लो वोल्टेज से छत्तीसगढ़ की जनता परेशान है।

पूर्व विधायक ने कहा कि स्मार्ट मीटर सरकारी कार्यालय मैं पहले लगाना है लेकिन अभी तक 15त्न भी नहीं लगा है विभागों में और आम उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर के नाम पर परेशान किया जा रहा है और स्मार्ट मीटर में बिजली बिल भी ज्यादा आने की शिकायतें लगातार आ रही है। बिजली की दर को बढ़ाने की, पूर्व की कांग्रेस सरकार द्वारा 65 लाख से भी अधिक उपभोक्ताओं को बिजली बिल हाफ योजना का लाभ दिया जा रहा था जिसे अब बंद कर दिया गया है, उपाध्याय ने बताया कि पावर कंपनी के 4500 करोड़ घाटे की याचिका की पूर्ति छत्तीसगढ़ की जनता से करने की तैयारी में है छत्तीसगढ़ की सरकार , मई के बिल से में 7-15 फ़ीसदी एफपीपीएएस शुल्क बढ़ाने की तैयारी हो चुकी है आने वाले दिनों में छत्तीसगढ़ प्रदेश में बिजली को लेकर ऐसे दिन देखने को मिलेंगे की लालटेन और मोमबत्ती का ही सहारा लेना पड़ेगा इसीलिए आज विरोध प्रदर्शन लालटेन लेकर सरकार एवं विद्युत विभाग के अधिकारियों को जगाने किया गया है और सच्चाई से अवगत कराया गया हैद्य आज के इस प्रदर्शन में शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे पूर्व विधायक विकास उपाध्याय, प्रमोद चौबे, कन्हैया अग्रवाल, कुमार मेनन, आकाश तिवारी,कमलाकांत शुक्ला, सुनील बाजारी, प्रशांत ठेंगड़ी, शीनू, देवकुमार साहू, ईश्वरी नामदेव, संदीप तिवारी, विनोद कश्यप, कुणाल दुबे, अनिल रायचूरिया, शीतेंद ठाकुर, अजय निषाद, प्रीति सोनी, विकास अग्रवाल,डोमेश शर्मा, शाहरुख अशरफी, अभिषेक ठाकुर, वेद प्रकाश कुशवाहा, हर्षित जायसवाल सहित सैकड़ों कांग्रेसी उपस्थित थे।

# विधवाओं से पेंशन प्रकरण बनाने के नाम पर 2-2 लाख वसूली की शिकायत पर जांच शुरू




**गरियाबंद,** 20 जून (हाईवे चैनल)। विधवा महिलाओं ने पेंशन प्रकरण के नाम पर विभाग के बाबू पर 2-2 लाख रुपए की अवैध वसूली का आरोप लगाया है. महिलाओं ने मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक और जिला शिक्षा अधिकारी से ही थी. मामले में गठित प्रशासन के जांच दल पीड़ितों के बयान लिए हैं.

दो बेवा आदिवासी महिलाओं ने गरियाबंद जिले के फिंगेश्वर में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के दो बाबू खोरबाहरा राम ध्रुव और मजहर खान पर पेंशन प्रकरण बनने के नाम पर 2-2 लाख रुपए की अवैध वसूली का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक और जिला शिक्षा अधिकारी से की है. हरकत में आए प्रशासन ने जांच टीम गठित कर पीड़ितों से ब्यान लिए हैं. मामले में पीड़ित मृतक शिक्षक गेसराम कंवर की बेवा 4 साल से पेंशन के लिए भटक रही हैं, जिनसे विभाग के बाबू ने पेंशन प्रकरण बनाने के नाम पर चेक से 2 लाख 80 हजार रुपए निकाल लेने की बात कह रही है. वहीं चेनसिंह दीवान की बेवा ने बाबू के मांगने पर नगद 2 लाख रुपए देने की बात कही है.

# तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पानी भरे गड्ढे में गिरी, चालक की मौत, दूसरा सवार घायल



**रायपुर,** 20 जून (हाईवे चैनल)। खैरागढ़-धमधा मार्ग पर अनियंत्रित होकर कार सड़क किनारे पानी से भरे गड्ढे में जा गिरी. हादसे में कार चालक की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं दूसरा सवार घायल हो गया.

जानकारी के अनुसार, ग्राम साल्हेकला ललित साहू (45 वर्ष) और अनिरुद्ध जंघेल (56 वर्ष) कार में खैरागढ़ से साल्हेकला जा रहे थे. तेज रफ्तार कार रास्ते में गाड़ाडीह के समीप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित गड्ढे में जा गिरी. गड्ढे में पानी भरा डूबने से कार चालक ललित साहू की मौके पर मौत हो गई. वहीं अनिरुद्ध जंघेल घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए खैरागढ़ सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है. सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज घटना की जांच में जुट गई है.

### अमेरिकी आसमान में दिखा कयामत लाने वाला विमान, बरस सकते हैं 4,315 परमाणु बम

**नई दिल्ली,** 20 जून (न्यूज चैनल)। ईरान और इस्राइल की जंग में अमेरिका की एंट्री कभी भी हो सकती है। इसमें वंकर को भी तवाह करने वाले अमेरिकी चम का भी इस्तेमाल हो सकता है। लेकिन ईरान और इजरायल युद्ध में उतरने से पहले ट्रंप अभी माहौल भांप रहे हैं। इसलिए उस विमान को रेडी कर दिया गया है, जिसका आखिरी बार अमेरिका में 9/11 हमले के बाद इस्तेमाल किया गया था। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमले पर विचार के बीच अमेरिका का %डूम्सडे प्लेन% वॉशिंगटन पहुंचा। न्यू यॉर्क पोस्ट के अनुसार, श्व-4क्ब नाइटवॉच विमान लुइसियाना से उड़कर मेरीलैंड के जॉइंट बेस एंड्रूज्ज पहुंचा। कहा जाता है कि जब धरती पर कहीं परमाणु बम फटने की आशंका हो। जब दुनिया के किसी कोने में महाविनाशक न्यूक्लियर हथियारों के इस्तेमाल का तनाव हो। जब अमेरिका के वजूद के खात्मे का खतरा हो। जब अमेरिका को कयामत के दिनों का अहसास हो तब आसमान में डूम्सडे प्लेन नजर आता है। अमेरिका के कयामत लाने वाले विमान के वाशिंगटन पहुंचने की खबर से दुनिया में टेंशन और बढ़ने की आशंका है । डूम्सडे प्लेन को परमाणु संघर्ष की स्थिति में उड़ान नियंत्रण केंद्र के रूप में कार्य करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

# बड़े होटल में कोलकाता की दो बार डांसर के साथ मिले रईसजादे



**बिलासपुर,** 20 जून (हाईवे चैनल)। रायपुर रोड स्थित पॉश होटल पैट्रिशियन के कमरे में बिलासपुर के रईसजादो और इवेंट संचालक ने कमरा बुक कर हुक्का पार्टी का आयोजन किया. इसके लिए बकायदा कोलकाता इवेंट संचालक ने दो डांसर गर्ल बुलाकर कमरे में नृत्य संगीत का भी आयोजन था. प्रतिबंध के बावजूद भी हुक्का पिया जा रहा था. साथ ही शराबखोरी भी की जा रही थी. सूचना मिलने पर पुलिस ने होटल पहुंचकर छापामार कार्रवाई की. सिरगिट्टी पुलिस ने बताया कि बिलासपुर- रायपुर रोड स्थित होटल पैट्रिशियन में पुलिस ने छापेमारी की गई. इस दौरान होटल के कमरे में कोलकाता की दो लड़कियां और पांच युवक मिले. लड़कियां कोलकाता के बार में डांसर है.

यहां इवेंट कंपनी का संचालन करने वाले दीपेश हरिरमानी ने हुक्का पार्टी का आयोजन किया था. उसके साथ नवीन पाल, रोहन हाजरा, अविनाश ठाकुर, अजय मौर्य भी थे. सभी होटल में हुक्का और शराब पी रहे थे. संदिग्ध गतिविधियों की सूचना पर पुलिस टीम ने कमरों की तलाशी ली. जांच के दौरान कमरा नंबर 2008 में संदिग्ध रूप से पांचों युवक और युवतियां नशे की हालत में मिले. यहां शराब के साथ ही हुक्का भी पिया जा रहा था. पूछताछ में जानकारी मिली कि दोनों लड़कियां कोलकाता के एक क्लब बार में डांसर है. इवेंट कंपनी के दीपेश हरिरमानी ने इन्हें यहां बुलाया था. कमरा तुषार अग्रवाल के नाम पर बुक किया गया था, पर इसमें लोग दूसरे थे. एक लड़के के नाम पर कमरा बुक किया गया पर यहां पांच लड़के और दो लड़कियां थी. जिस लड़के के नाम पर कमरा बुक किया गया वह लड़का भी कमरे में नहीं था.

CMYK